# भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जमुई बिहार से वर्चुअल रुप से जुड़कर किया शुभारंभ

- प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय समुदाय के विकास आधारित योजनाओं का किया शुभारंभ
- भगवान बिरसा मुण्डा का जीवन संघर्ष, समर्पण एवं साहस का प्रतीक -राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह
- आदिवासी नायकों के संघर्ष को संजोने और पहचान दिलाने का कार्य कर रही शासन
- भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

**रायगढ़**





भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम को आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जमुई बिहार से वर्चुअल रुप से जुड़कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय समुदाय के विकास आधारित योजनाओं का शुभारंभ भी किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम राज्य सभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित हुआ।

राज्य सभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने जनजातीय गौरव दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा हैं, जिसमें हम सभी एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती पर हम उनके योगदान को याद कर रहे हैं। वे केवल अपने समुदाय के ही नहीं बल्कि संपूर्ण देश की प्रेरणा स्रोत बने हैं। भगवान बिरसा मुण्डा आदिवासी अधिकारों के संरक्षक के साथ ही धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, समर्पण एवं साहस का प्रतीक है। भगवान बिरसा मुण्डा ने आदिवासी समाज को संगठित कर उनके सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान की रक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने समुदाय को पहचान दिलाया कि वे केवल भूमि के मालिक नहीं बल्कि अपने अधिकार के संरक्षक भी है। इस दौरान उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा द्वारा किए गए विद्रोह, संघर्ष एवं आंदोलन की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि आज वो हमारे बीच नहीं लेकिन उनका संघर्ष, उनका विचार आज भी जीवित है। उनका जीवन, उनके आदर्श आदिवासी समाज के ही नहीं बल्कि देश के प्रेरणा स्त्रोत है।

राज्य सभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने छत्तीसगढ़ के शहीद वीर नारायण सिंह के संबंध विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वे भी बिरसा मुण्डा के पथ पर चलते हुए, अंग्रेजों से विद्रोह किए। इसी तरह उन्होंने रायगढ़ के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे आदिवासी नायकों का जीवनी एवं संघर्ष हमें देखने व पढऩे को नहीं मिलता, जिन्हें संजोने और पहचान दिलाने का कार्य शासन कर रही है। शासन आदिवासियों के लिए योजना बना कर उनको सीधा लाभ दे रही है। आज शासन वन धन विकास केंद्र, वनोपन पर एमएसपी, स्व -सहायता समूह, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, महतारी वंदन, पीएम आवास, उज्ज्वला गैस, पीएम ग्रामीण सड़क योजना, एकलव्य स्कूल, आदिवासी यूनिवर्सिटी, जनमन जैसे विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आदिवासियों के जीवन को आसान बनाने का कार्य कर रही है।

राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज प्रधान मंत्री मोदी ने धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत 80 हजार करोड़ की घोषणा की है। यह राशि 17 मंत्रालय के माध्यम से रायगढ़ तक पहुंचेगी। इस राशि से उन ग्रामों में जहां 50 प्रतिशत से अधिक आदिवासी परिवार रहते हैं, वहां सड़क, पानी, बिजली, आंगनबाड़ी स्कूल जैसे मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, जिससे क्षेत्र का विकास होगा।

सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव ने कहा की धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान का आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 33 जनजातीय हैं, जिसमें 161 उपजातियां हैं। इस तरह हमारी समृद्ध विरासत है और इसे संवार के रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी के ध्येय वाक्य अनुसार विरासत को विकास की ओर बढ़ा रहे है। योजनान्तर्गत इसमें ऐसे गांवों को चयनित किया जाएगा, जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक आदिवासियों की आबादी होगी। योजना के तहत 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं का क्रियान्वयन इन गांवों में किया जाएगा। पेसा के तहत ग्राम सभा का आयोजन भी किया जा रहा है ताकि योजना की जानकारी देते हुए उन्हें योजना के संबंध में जागरूक भी किया जा सके। इसी तरह पूर्व वर्षों में पीएम जनमन योजना में जिले में बेहतर कार्य किए गए है। योजनांतर्गत इसमें जिले के बिरहोर बाहुल्य बसाहटों का चयन किया गया था। जिसमें मुख्य तौर पर इन बसाहटो को मुख्य सड़क मार्ग से जोडऩे के लिए पीएम ग्राम सड़क योजना से सड़क निर्माण के साथ ही स्वास्थ्य जांच हेतु मोबाइल मेडिकल यूनिट, आयुष्मान कार्ड, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की स्वीकृति, जाति प्रमाण पत्र, पीएम आवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसे विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया है।

इस अवसर पर विधायक लैलूंगा विद्यावती सिदार, नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, श्रीकांत सोमावार, सुभाष पाण्डेय, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, डीएफओ स्टायलों मंडावी, प्रभारी सहायक आयुक्त आकांक्षा पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनजाति समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे।

हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रशस्ति पत्र का किया गया वितरण

राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग ने चार हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इसी प्रकार कृषि विभाग द्वारा एक हितग्राही को कीट एवं एक हितग्राही को पीएम किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र, जिला पंचायत द्वारा 5 हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं विद्युत विभाग द्वारा 7 ग्रामों में विद्युतीकृत किए जाने के संबंध में प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

**राज्यसभा सांसद सिंह ने विभागीय स्टॉल का किया अवलोकन-** राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विभागीय योजनाओं पर आधारित स्टॉल का अवलोकन किया। जिसमें आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं आयुष विभाग का स्टॉल शामिल था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रक-पिकअप में भिड़ंत, दो की मौत

**बैकुंठपुर (आरएनएस)।** बैकुंठपुर रोड के जमगहना के निकट आज दोपहर एक सडक़ हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक और पिकअप के बीच हुई इस जोरदार भिड़ंत के बाद यहां अफरातफरी मच गया था। मिली जानकारी के अनुसार हादसा आज दोपहर करीब 3.50 बजे के मध्य जमगहना के निकट हुआ है। बैकुंठपुर रोड में रोज की तरह वाहनों की आवाजाही जारी थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक और पिकअप के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप के परखच्चे उड़ गए और वहीं वाहन में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि पिकअप में हरी सब्जियों के अलावा टमाटर आदि भरा हुआ था। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी थी।

### चीतल एवं तेंदुए की खाल बेचने का प्रयास कर रहे पांच आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद (आरएनएस)।** जिले के बागबाहरा वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चीतल की खाल और तेंदुए की खाल के टुकड़े बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे 5 तस्करों को गिरफ्तार किया है। तथा उनके पास से खाल बरामद किया है। मिली जानकारी क अनुसार उदंती वन्यजीव अभयारण्य के उपसंचालक को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग चितल की खाल को बेचने की फिऱाक में ग्राहक की तलाश कर रहे है। सूचना के आधार पर उदंती वन्यजीव अभयारण्य के उपसंचालक ने टीम तैयार कर खरीददार बनकर ओंकारबंद में तस्करों से संपर्क किया और दस हजार रुपये में सौदा तय किया। जब आरोपी खाल लेकर आए, तो उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान मानसिंग (40), सुकालु (45), हरक (40), गिरधर ध्रुव (38), और पिलाराम बेलदार (50) के रूप में हुई है। इनमें से तीन आरोपी चुरकी और दो मरार कसीबाहरा के रहने वाले हैं।

### वैनगंगा एक्स. रात में छूटी, 12 घण्टे विलम्ब, हंगामा करते रहे यात्री

**कोरबा (आरएनएस)।** गुरुवार को कोरबा रेलवे स्टेशन से वैनगंगा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से पूरे 12 घण्टे विलम्ब से छूटी। इस बीच सुबह से दोपहर-शाम तक इंतजार में खड़े यात्री बार-बार स्टेशन में हंगामा करते रहे। इस बीच कोयला वाले ट्रेन लगातार आवागमन करते रहे। बता दें कि वैनगंगा एक्सप्रेस (12252) रात 3.30 बजे कोरबा स्टेशन पर पहुंच जाती है। गुरुवार और रविवार को इस एक्सप्रेस का कोरबा रेलवे स्टेशन (ज्ञत्ठ।) से सुबह 8.05 बजे छूटने का समय है। ट्रेन के समय से यात्री रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए थे लेकिन 8.05 पर सुबह के वक्त छूटने वाली यह ट्रेन रवना नहीं की गई। काफी देर तक इंतजार करने के बाद जब यात्रियों के सब्र का बांध टूटा तो उन्होंने स्टेशन में शोर-शराबा मचाया। ट्रेन के विलंब से रवाना होने के संबंध में किसी भी तरह की सूचना जारी नहीं की गई और ना ही स्टेशन पर अनाउंसमेंट किया गया जिस कारण यात्री काफी परेशान होते रहे। यात्रियों के साथ मौजूद महिलाओं और बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

## झीरमघाटी हत्याकांड में शामिल 20 लाख की इनामी नक्सली मंजुला उर्फ निर्मला ने किया आत्मसमर्पण

**रायपुर ।** आरएनएस




छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित झीरम घाटी हत्याकांड में शामिल 20 लाख की इनामी नक्सली मंजुला उर्फ निर्मला ने तेलंगाना के वारंगल में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। मंजुला ने वारंगल में पुलिस कमिश्नर के पास जाकर आत्मसमर्पण किया।

वह कुख्यात नक्सली नेता कोडी कुमार स्वामी उर्फ आनंद और कोडी वेंकन्ना उर्फ गोपन्ना की बहन हैं, और दंडकरण स्पेशल जोनल कमिटी, साउथ सब डिविजन ब्यूरो की सदस्य भी हैं। मंजुला 1994 में माओवादी संगठन से जुड़ी थी और 15 नवंबर 2024 को उसने आत्मसमर्पण किया।

झीरम घाटी की यह घटना 25 मई 2013 की है, जिसे छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा राजनीतिक हत्याकांड माना जाता है। इस हमले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार समेत 30 कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद भाजपा और कांग्रेस, दोनों के शासनकाल में जांच का प्रयास जारी रहा, लेकिन अब तक इसके पीछे के अपराधियों और कारणों का पूर्ण खुलासा नहीं हो सका है।

## शादी का वादा कर किशोरिका का शारीरिक शोषण, जूटमिल पुलिस ने आरोपी को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़**



दिनांक 14 नवम्बर 2024 को थाना जूटमिल में एक किशोर बालिका द्वारा जूटमिल के कमलेश सोनी पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाते हुए आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे शादी का वादा करके शारीरिक शोषण किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा पूरी संवेदनशीलता बरतते हुए त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड 'पर भेज दिया।

पीड़िता के अनुसार, फरवरी 2024 में जब वह अपने कार्य स्थल पर काम करती थी, कमलेश भी वहां कार्यरत था और उसने उसे पहले से बातचीत कर अपनी ओर आकर्षित किया। 25 फरवरी 2024 को भी एक सुनसान स्थान पर कमलेश ने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया और उसके बाद कमलेश ने उसे शादी का वादा करते हुए कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि 13 नवम्बर 2024 को भी कमलेश ने उसे एक मकान में बुलाकर शारीरिक शोषण किया, और जब उसने शादी की बात की तो आरोपी ने इंकार कर दिया।

इसके बाद पीड़िता ने परिवार के साथ परामर्श किया और थाना जूटमिल में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज ने मामले की गंभीरता को समझते हुए आरोपी के खिलाफ अप.क्र 466/2024 भारतीय न्याय संहिता की धारा 69, 137 (2) तथा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कमलेश सोनी (22 वर्ष), निवासी कौंवाताल, सारंगढ़, हाल जूटमिल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजने के लिए कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी व साक्ष्य संकलन में निरीक्षक मोहन भारद्वाज, प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी और हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है। जूटमिल पुलिस द्वारा पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## साजा में एंटी करप्शन ब्यूरो की बड़ी कार्यवाही,एसडीएम को रिश्वत लेते रंगे हाथो किया गिरफ्तार

- प्रार्थी तुकाराम पटेल के शिकायत पर एसीबी टीम ने की कार्यवाही
- डाईवर्शन करने 1 लाख रुपए मांग की गई थी,पीड़ितो ने गिरफ्तारी पर फोड़े फटाखे

**साजा ।** आरएनएस



साजा एसडीएम टेकराम माहेश्वरी को एंटी करपशन ब्यूरो रायपुर की टीम ने किया रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया।भारी संख्या में एकत्रित भीड़ के बीच एंटी करप्शन टीम के 17 सदस्यीय टीम को नेतृत्व कर रहे अधिकारी एस.डी.तिर्की ने बताया कि साजा एसडीएम कार्यालय से पैसे की मांग करने की शिकायत उनको मिली थी,जिस पर कार्यवाही के लिए उनकी टीम आज साजा अनुविभागीय कार्यालय आई हुई है।

**प्रार्थी तुकाराम पटेल से मांगे थे 1 लाख रुपए**

ग्राम भटगांव निवासी प्रार्थी तुकाराम पटेल ने एसीबी टीम के सामने उपस्थित होकर साजा एसडीएम टेकराम माहेश्वरी के खिलाफ डाईवर्शन मामले में 1 लाख रुपए रिश्वत की मांग करने की शिकायत की,मामले में एसीबी टीम रायपुर ने मामले को आगे बढ़ाते हुए आरोपी को रंगे हाथों पकडऩे की प्रक्रिया बढ़ाई। साजा एसडीएम ने तय 1 लाख रुपए की राशि के कुछ बचे हुए रकम को लेने के लिए आज प्रार्थी को अपने कार्यालय बुलाया था,जहां प्रार्थी तुकाराम पटेल ने अपने साथ एसीबी टीम रायपुर को लेकर आरोपी एसडीएम को रंग लगे रुपए के साथ रिश्वत देने उनके ऑफिस पहुंचे। उक्त कार्यवाही में एसडीएम के गार्ड गौकरण बघेल नगर सैनिक के हाथो प्रार्थी ने रुपए दिए और उक्त कर्मचारी ने एसडीएम के हाथो में रकम दिया जिसके तत्काल बाद एसीबी टीम के 17 सदस्यीय दल ने रंगे हाथो दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**एसडीएम से पीड़ितो ने फटाखे फोड़ खुशी जाहिर की**

रिश्वत कांड के खुलासे के समय एसडीएम कार्यालय में उमड़ी भीड़ ने फटाखा फोड़ अपनी खुशी जाहिर की,भीड़ में उपस्थित अनेक लोगो ने कहा कि उक्त कार्यवाही से लोगो ने राहत की सांस ली है,लोगो ने आगे बताया कि ऐसा शायद ही कोई मामला हो जिसमे एसडीएम ने पीड़ितो से रिश्वत की मांग ना की हो, लेन देन के बिना कोई कार्य नहीं होने के लिए बदनाम हो रहे एसडीएम कार्यालय में अधिकारी पर कार्यवाही होने से किसानों के साथ आमजनो ने भी खुशी जाहिर करते हुए फटाखे फोड़ डाले,ऐसा पहला मामला होगा जहां अधिकारी के रिश्वत कांड में पकड़े जाने पर आतिशबाजी की गई हो।

## ठंड में बढ़ोत्तरी, छत्तीसगढ़ में तापमान में गिरावट जारी

**रायपुर ।** आरएनएस

छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। द्रोणिका के प्रभाव के कारण हवा में नमी की मात्रा घट रही है, जिससे तापमान में 1 से 2 डिग्री तक की कमी आई है। हालांकि रायपुर में दिन का तापमान स्थिर बना हुआ है, लेकिन रात का पारा दो डिग्री गिरकर ठंड का एहसास करा रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार के बाद प्रदेश में ठंड का असर और तेज़ी से बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि उत्तर-पूर्वी राज्यों में जल्द ही बर्फबारी शुरू होगी। इसका सीधा असर छत्तीसगढ़ के तापमान पर पड़ेगा, जिससे दिन और रात दोनों समय ठंड बढऩे की संभावना है। 15 नवंबर से पश्चिमी विक्षोभ के असर से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश की संभावना है। इसके बाद पछुआ हवाएं तेज़ी से बहेंगी, जो प्रदेश भर में तापमान को और गिरा देंगी। बुधवार को छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक तापमान 34.2 डिग्री सुकमा में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 13.0 डिग्री अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया। रायपुर में न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक है। अन्य प्रमुख शहरों में जगदलपुर का न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री, दुर्ग का 17.2 डिग्री, और बिलासपुर का 18.8 डिग्री दर्ज किया गया।

## आधी रात बैंक लूटने पहुंचे चूहे! अलार्म बजाते ही आई पुलिस की गाड़ियां

**गरियाबंद ।** आरएनएस

इन दिनों कुछ न कुछ हैरान कर देने वाले मामले सामने आए हैं.गरियाबंद के पंजाब नेशनल में एक बैंक में अलार्म देर रात बज गया,जिससे लोगों में घबराहट हुई कि आखिर बैंक के अंदर ऐसा क्या हुआ? अलार्म बजने के बाद पुलिस कर्मियों का एक पेट्रोलिंग टीम बैंक के सामने आ गया।बैंक की तलाशी ली गई और पता चला कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ जैसा लोग सोच रहे थे।बैंक के अंदर कुछ भी गलत नहीं पाया गया. बैंक के कर्मचारियों को फिर संदेह हुआ कि चूहों ने परिसर में लगे सेंसर संग छेड़ाछाड़ किया होगा और अलार्म बजा दिया होगा

**दो साल पहले इसी बैंक में सेंध मारी की नाकाम कोशिश की गई थी-** आज से ठीक तीन दो साल पहले भी इसी बैंक के पिछले हिस्से से सेंध मारने की नकाम कोशिश की गई थी पर वही पुलिस के मौके पर तत्काल आ जाने से चोर सब्बल छोड़ भाग कर खेत से भागते हुए फऱार हो गया था

**रात 11:30 बजे चूहों ने बजाया अलार्म-** घटना की सूचना पंजाब नेशनला बैंक द्वारा प्रायोजित बैंक- गरियाबंद शाखा में दी गई।ज्ञात हो कि बीती रात करीब 11.30 बजे बैंक का चोरी अलार्म बज गया,पास के पुलिस स्टेशन में पुलिस तुरंत कार्रवाई में आ गई और एक बल बैंक पहुंच गया।और बैंक के दरवाजों को तोड़े जाने का कोई संकेत नहीं मिला।पुलिस ने बैंक के मैनेजर को बुलाया और परिसर खोले गए और बारीकी से जांच की गई,जहा कुछ भी गलत नहीं पाए जाने के बाद पुलिस राहत के साथ लौट गई।बैंक के कर्मचारियों को अब संदेह है कि चूहों ने गति सेंसर को सक्रिय किया होगा।बैंक मैनेजर ने कहा,"करीब 11.30 बजे अलार्म बज गया.जिसकी जानकारी मुझे पुलिस विभाग के द्वारा दी गई और पुलिस फोर्स एक बार में यहां पहुंच गया। कभी-कभी चूहे मोशन सेंसर को सक्रिय कर देते हैं और अलार्म बज जाता है।पुलिस और बैंक स्टाफ ने परिसर की जांच की है जहा सब सही पाया गया।बैंक में कोई समस्या नहीं मिली"वही पुलिस विभाग के द्वारा बैंक मैनेजर को समझाइस दी गई को वो बैंक में गार्ड की व्यवस्था जरूर रखें,मौके पुलिस विभाग की टीम एएसआई देवेंद्र वर्मा आरक्षक कुंदन जगने आरक्षक कृष्ण भूषण सरधार उपस्थित थे।

## जल्द शुरू होगी बिलासपुर- हैदराबाद उड़ान : केंद्र सरकार से मिली मंजूरी, शेड्यूल जारी होने का इन्तजार

**बिलासपुर ।** आरएनएस




छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के बिलासा एयरपोर्ट से हैदाराबाद के लिए फ्लाइट की मंजूरी मिल गई है। फ्लाइट संचालन की जिम्मेदारी एलायंस एयर को दी गई है। इसके लिए स्लाट जारी कर दिया गया है। वहीं अब शेड्यूल जारी होने का इंतजार किया जा रहा है। इससे पहले नई दिल्ली,प्रयागजराज,जबलपुर के लिए उड़ान शुरू करने की मंजूरी मिली थी।

दरअसल केंद्र सरकार की योजना के तहत हैदराबाद,बिलासपुर और जगदलपुर के बीच उड़ान प्रस्तावित है। इसी के साथ ही अंबिकापुर से नियमित विमान सेवा शुरू होने की उम्मीद है। पीएम नरेन्द्र मोदी के 20 अक्टूबर को वर्चुअल उद्घाटन किया था। वहीं उद्घाटन के 24 दिन बाद भी उड़ान शुरू नहीं हुआ है। महामाया एयरपोर्ट से विमान संचालन का जिम्मा पलाई बिग कंपनी को मिला है। अब तक शेड्?यूल जारी नहीं किया गया है।

**तकनीकी विशेषज्ञों को किया गया था तलब -** बिलासा एअरपोर्ट में नाईट लैंडिंग का काम शुरू हो गया है। इसके लिए अफसरों ने क्कड्खष्ठ के तकनीकी एक्सपट्र्स को तलब किया था। विवेकानंद एयरपोर्ट में लगे डीवीओआर सिस्टम तकनीक के आधार पर बिलासा एयरपोर्ट में डीवीओआर लगाने के लिए काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं डीवीओआर स्टालेशन से पहले सिविल वर्क को पूरा करने में तीन महीने लगने की संभावना जताई जा रही है।

**हाईकोर्ट के निर्देश के बाद काम में आई तेजी**

बिलासा एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग सहित विमानों के फेरे और महानगरों के लिए विमान सेवा शुरू करने के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में दो अलग-अलग जनहित याचिका दायर की गई है। इन दोनों दायर याचिकाओं की हाई कोर्ट में एकसाथ सुनवाई से कामकाज में तेजी आई है।

**नाइट लैंडिंग के लिए ली गई 287 एकड़ जमीन**

एयरपोर्ट में रनवे सहित नाइट लैंडिंग के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी को 287 एकड़ जमीन की जरुरत है। यह जमीन सेना से लेना है। बिलासपुर हाई कोर्ट के आदेश के बाद सेना ने कब्जे वाली 1178 एकड़ जमीन में से 287 एकड़ एयरपोर्ट विकास के लिए देने का आश्वासन दिया है। वहीं राज्य शासन ने जमीन के बदले में राशि भी सैन्य मुख्यालय को दे दिया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480